20
8196

NCC 2024-25

N.C.C. महाविद्यालय की शान

लेफ्टिनेंट (डॉ0) ज्योति गुप्ता

माँ गंगा के तट पर स्थित कालाकाँकर की यह पावन भूमि पर हमारा महाविद्यालय स्थित है। महाविद्यालय में एन.सी.सी. की व्यवस्था है जिसका मुख्य उद्देश्य कैडेट्स को देश के प्रति जागरुक करना है। एन.सी.सी. का ध्येय वाक्य "एकता और अनुशासन" है। महाविद्यालय एन.सी.सी. की सेवा अनवरत् 1972 से समर्पित है। हमारे देश में एन.सी.सी. की स्थापना 16 जुलाई 1948 ई. में रक्षा मंत्रालय के अधीन हुई थी। एन.सी.सी. दिवस पूरे देश मे नवम्बर माह के चौथे रविवार को मनाया जाता है। क्योंकि इस दिन दिल्ली में एन.सी.सी. की पहली यूनिट की स्थापना हुई थी। देश में एन.सी.सी. की नींव स्वतंत्रता से पूर्व ही पड़ गई थी। परन्तु सन् 1956 ई. में पंडित ह्लदयनाथ कुंजरू की अध्यक्षता में गठित समिति की संस्तुतियों के आधार पर सन् 1957 को देश की सर्वोच्च पंचायत से N.C.C. अधिनियम पारित किया गया। एन.सी.सी के महत्त्व को ध्यान मे रखते हुए महाविद्यालय के संस्थापक राजा दिनेश सिंह जी (पूर्व विदेश मंत्री, भारत सरकार पूर्व वाणिज्य मंत्री, पूर्व जल संसाधन मंत्री) के प्रयास से सन् 1972 से महाविद्यालय में 54 कैडेट्स की एक कंपनी के रूप में शुभारम्भ हुआ। यह कंपनी 18 UP BN N.C.C से संबंधित है। N.C.C के महत्त्व को चरितार्थ करते हुए प्रत्येक वर्ष 15 अगस्त एवं 26 जनवरी की सेरेमोनियल परेड हेतु 14-14 दिवसीय प्रशिक्षण A.N.O. द्वारा दिया जाता हैं।

केयरटेकर के पद पर कार्यरत डॉ0 ज्योति गुप्ता की इस वर्ष एन.सी.सी. ऑफिसर ट्रेनिंग अकादमी (O.T.A.) ग्वालियर मध्य प्रदेश में ट्रेनिंग के पश्चात दिनांक 21 दिसम्बर 2024 को लेफ्टिनेंट रैंक प्रदान की गई।

77वें 15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस परेड की सलामी कालाकाँकर राजभवन के प्रबंधक डॉ0 घनश्याम यादव जी ने ली। 27 नवम्बर को बटालियन द्वारा प्राप्त N.C.C. किट (ट्रैक-शूट, वर्दी, शॉक्स, बैरेट, बेल्ट, हैकल्स, बूट) A.N.O. की अध्यक्षता में माननीय प्राचार्य जी द्वारा प्रदान किया गया। 76वां गणतंत्र दिवस के शुभ अवसर पर एन.सी.सी में क्वार्टर गार्ड का शुभारम्भ किया। जिसमें पहली बार तिरंगे को गार्ड आफ ऑनर दिया गया एवं परेड की सलामी महाविद्यालय की सेक्रेटरी माननीय राजकुमारी रत्ना सिंह जी ने ली। महाविद्यालय

के वार्षिकोत्सव (नवोत्कण्ठा) 22 फरवरी के भव्य आयोजन में सर्वप्रथम गार्ड ऑफ ऑनर सम्मान माननीय प्रबंधिका राजकुमारी रत्ना सिंह जी को दिया गया। सत्र 2024-25 में एन.सी.सी. 'B' एवं 'C' सर्टीफिकेट कोर्स का परीक्षा परिणाम 100% रहा साथ ही तीन कैडेट्स आनन्दिता त्रिपाठी (सिक्किम नेशनल कैंप), प्रज्ञा मौर्या (उत्तर काशी नेशनल कैंप) एवं नवीन पाण्डेय (चेन्नई नेशनल कैंप) का चयन हुआ।

त्रिवेणी संगम तीर्थ-राज प्रयागराज महा-कुंभ मेले में आयोजित 10 दिवसीय 1UPCTR प्रयागराज 80 कैंप में सभी एन.सी.सी. कैडेट्स ने प्रतिभाग किया।

एन.सी.सी. निरन्तर प्रगति पथ पर अग्रसर रहे इसी कामना के साथ।

जय हिन्द ! जय भारत !